खोलो खोलो मां मंदिर के द्वारे

खोलो खोलो मां मंदिर के द्वारे, आए दर्शन को हम हैं तुम्हारे,
काटो भक्तों के संकट सारे, आए दर्शन को हम हैं तुम्हारे....

आज मन में यही हमने ठाना,
तेरे दर से ना दाती है जाना,
दे दो नैनो को अब तू नजारे, आए दर्शन को हम हैं तुम्हारे,
खोलो खोलो मां मंदिर के द्वारे.....

मन की कलियों से गुथी है माला,
तुमको पहनाएंगे मां ज्वाला,
दे दो दे दो दिलों को सहारे, आए दर्शन को हम हैं तुम्हारे,
खोलो खोलो मां मंदिर के द्वारे.....

आजा शेरों पर करके सवारी,
पूर्ण कर दो यह आशा हमारी,
तुमने लाखों के कारज संवारे, आए दर्शन को हम हैं तुम्हारे,
खोलो खोलो मां मंदिर के द्वारे.....

हम तुम्हारी ही करते हैं पूजा,
और तुमसा नहीं कोई दूजा,
चरण धोते हैं गंगा किनारे, आए दर्शन को हम हैं तुम्हारे,
खोलो खोलो मां मंदिर के द्वारे.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31851/title/kholo-kholo-maa-mandir-ke-dware

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |